# प्रेस नोट थाना कोतवाली

## जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

### सराहनीय कार्य दिनांक – 01.09.2026

## थाना कोतवाली पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई— साइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा, 11 चोरी की साइकिलों सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहांपुर के निर्देशानुसार , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में चलाये जा रहे रोकथाम अपराध व गिरफ्तारी अपराधी के सघन अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा शातिर साईकिल चोर को किया गिरफ्तार, चोरी की 11 साईकिल बरामद।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 27.08.2026 को वादी श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र भगवती प्रसाद निवासी आवास विकास कालोनी, बरेली मोड़, थाना कोतवाली, शाहजहाँपुर द्वारा अज्ञात चोर के विरुद्ध घर के बाहर से साइकिल चोरी किए जाने के संबंध में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर थाना कोतवाली पर मु०अ०सं० 291/2026 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री सुशान्त रावत द्वारा की जा रही थी। दिनांक 31.08.2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बरेली-सीतापुर हाईवे के निकट कान्हा गौशाला जाने वाले रास्ते से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं जामा तलाशी में अभियुक्त ने अपना नाम बड़े लल्ला पुत्र स्व0 रामनारायण निवासी ग्राम गोपालपुर ठठीऊरा, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 27 वर्ष बताया। अभियुक्त के कब्जे से 150 रुपये नकद एवं मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 चोरी की साइकिल बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा शाहजहाँपुर शहर के विभिन्न स्थानों से पिछले करीब एक माह में कई साइकिलें चोरी करना स्वीकार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही पर पुलिस टीम द्वारा मौके से 10 अन्य चोरी की साइकिलें, कुल 11 साइकिलें बरामद की गईं। अभियुक्त को दिनांक 31.08.2026 को समय करीब 21:02 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पंजीकृत अभियोगः-**

1. मु0अ0सं0 291/2026 धारा 305(a)317(2) BNS थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर ।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

बडे लल्ला पुत्र स्व0 रामनारायण निवासी ग्राम गोपालपुर ठठीऊरा, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 27 वर्ष

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-**

सीतापुर बरेली हाईवे पर कान्हा गौशाला के पास, दिनांक 31.08.2026 को समय करीब 21.02 बजे

**बरामदगीः**

1. 11 अदद चोरी हुई साईकिल
2. कुल 150/- रुपये नगद

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त

1. मु०अ०सं० 0459/2020, धारा 380, 411 भादवि, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु०अ०सं० 0763/2022, धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु०अ०सं० 0303/2023, धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. मु०अ०सं० 0605/2021, धारा 60(2) आबकारी अधिनियम, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
5. मु०अ०सं० 291/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 श्री सुशान्त रावत थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
2. का0 449 राहुल थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 698 अश्वनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 2257 रोहित कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 2302 अभयवीर सोम थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।